मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

दिनांक–05.09.2026 को संपन्न सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना अंतर्गत पथ प्रमंडल पूर्णियाँ अन्तर्गत Construction of Pathway from Dakbanglow to Bihar Talkies More Near GMCH Line Bazar for the year 2025-26 की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय पत्रांक–6159 (S) दिनांक 09.07.2014 के आलोक में निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

समिति के सदस्यगण :–

(i)	श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना।	:	अध्यक्ष
(ii)	श्रीमती मृदुला नारायण सिन्हा, सचिव (प्रा०), सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना।	:	सदस्य
(iii)	श्री इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल पूर्णियाँ	:	सदस्य
(iv)	श्री पंकज कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ	:	सदस्य
2	**निविदा के संबंध में विस्तृत विवरणी निम्नवत् है:–**		
2.1	कार्य का नाम	:	पथ प्रमंडल पूर्णियाँ अन्तर्गत Construction of Pathway from Dakbanglow to Bihar Talkies More Near GMCH Line Bazar for the year 2025-26
2.2	प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल पूर्णियाँ
2.3	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹225.47 लाख, विभागीय पत्रांक–2012 (एस), दिनांक 27.02.2026
2.4	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹196.06 लाख, उपभागीय पत्रांक–511 (अनु०), दिनांक 20.03.2026
2.5	अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि	:	₹161.49715 लाख
2.6	पुनर्निविदा की प्रक्रिया	:	F2
2.7	पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:	09.07.2026
2.8	कार्य समाप्ति की अवधि	:	09 (नौ) माह
2.9	प्राप्त पुनर्निविदा में निविदाकार की संख्या	:	06 (छः)
2.10	निविदाकार का नाम	:	(i) Maa Kamakhya Traders (ii) Trimurty Concern Pvt. Ltd. (iii) Kumar Gaurav (iv) Rainalco Constructions (v) M/S Wincon (vi) Avendex Pvt. Ltd.
2.11	परिवाद की स्थिति	:	वर्त्तमान तिथि तक इस पुनर्निविदा से संबंधित कोई परिवाद प्राप्त नहीं हुई है।
2.12	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है, यदि हाँ तो कारण	:	हाँ। प्रथम बार निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरुप प्राप्त निविदा को रद्द करते हुए विभागीय ज्ञापांक–4180(E), दिनांक–19.06.2026 द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश प्राप्त।

3 Details of Qualifying Items :-

SL No.	Particulars of Items	Clause No.	Minimum Requirements	Provided by					
				Kumar Gaurav	Avendex Pvt. Ltd.	Rainalco Constructions	Trimurty Concern Pvt. Ltd.	M/S Wincon Properietor	Maa Kamakhya Traders
1	2	3	4	Bidder-1	Bidder-2	Bidder-3	Bidder-4	Bidder-5	Bidder-6
1	Registration	As per NIT & Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 1	As per NIT	Applied before Tender date Presently registered in RCD with Registration No -1260125	Not Attached	Registration with RCD not Attached	Class-I RCD Reg No 1260116 Valid upto- 22 06 2031	Class-I RCD Reg No 1250060 Valid upto 05 10 2030	Class-I RCD Reg No 1260103 Valid upto 10 06 2031
2	Cost of BOQ	As per NIT/BOQ & Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 2	₹10,000 00	₹10,000 00	WIP	₹10,000 00 Online	₹10,000 00 Online	₹10,000 00	₹10,000 00
	Bid Processing Fees	As per NIT/BOQ	₹5,900 00	₹5,900 00	WIP	₹5,900 00	₹5,900 00	₹5,900 00	₹5,900 00
3	Earnest Money	As per NIT & Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 2	₹3 23 Lacs	₹2 00 Lacs E-Challan	WIP	WIP	BG No -0306NDLG00018027 ₹3 23 Lacs ICICI Bank	₹3 23 Lacs (Online)	₹3 23 Lacs (Online)
4	Earnset Money valid upto (As per Earnest Money validity)	As per NIT	As per NIT	Online	–	–	Attached Exp -07 07 2027	Online	Online
5	Experience of Similar Nature of Work	Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 4	10% of BOQ ₹16 149 Lacs	₹107 068 Lacs	Not Attached	No Work Related to Road/Pathway (Only Water Pipe Line)	Work with Major BOQ Items (Earth work, GSB and Paver block) not found	Work with Major BOQ Items (Earth work, GSB and Paver block) not found	Work with Major BOQ Items (Earth work, GSB and Paver block) not found
6	Key Plants & Equipment	Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 3	As per NIT	Attached	Not Attached	Attached	Attached	Attached	Attached
7	Whether Affidavit attached "I the undersigned do hereby certify that all the statements made in the required attachment are true and correct and if found fake/forged the undersigned will be liable to be inflicted upon the FIR and lawful punishment as well as blacklisting	Dept Letter no - 6158 (S) Dt 09-07-2014 Sl No - 4 1 5	As per NIT	Attached	Not Attached	Attached	Attached	Attached	Attached
8	Turn Over (Max in Last 5 Years)		₹18 7485 Lacs	₹2273 5657 x 1 26= ₹2864.69 Lakh (2023-24)	Not Attached	₹75 52844 x 1 47 = ₹111.027 Lakh (2021-22)	₹199 379 x 1 17 = ₹233 273 Lacs (2024-25)	₹244 538 x 1 17 = ₹286 11 Lacs (2024-25)	₹1580.00 x 1 26 = ₹1990.80 Lacs (2023-24)
9	Bid Already Submitted			Attached	Not Attached	Not Attached		Attached	Attached
10	Existing Commitment and going work			NIL	Not Attached	NIL	NIL	₹129 6857 Lacs	EIC Not Supported
11	Bidding Capacity	Dept Letter no - 6159 (S) Dt 09-07-2014 (Sl No -3 7) and Letter No -12876 (S) Dt 17 11 2006	Rs 161 49715 Lacs	AXNX3 - B = ₹2273 5657 x 1 33 x3x 9/12 - 0 = 6803 645 Lacs	Not Attached	AXNX3 - B = ₹75 528 x 1 61x3x9/12x -0 =273 600 Lacs	AXNX3 - B = ₹199 379 x 1 21 x 3x9/12- 0 = 542 81 Lacs	AXNX3 - B = ₹244 538 x 1 21 x9/12x3- 129 6857 = 536 07 Lacs	–
12	Character Certificate	–	–	Attached	Not Attached	Attached	Attached	Not Attached	Attached
13	Responsive	–	–	Yes	No	No	No	No	No

Vee 05/09/14

3. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में 06 (छः) निविदाकारों यथा (i) Maa Kamakhya Traders (ii) Trimurty Concern Pvt. Ltd. (iii) Kumar Gaurav (iv) Rainalco Constructions (v) M/S Wincon एवं (vi) Avendex Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया है।

(ii) छः निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (i) Maa Kamakhya Traders (ii) Kumar Gaurav एवं (iii) M/S Wincon द्वारा अग्रधन की राशि Online के माध्यम से तथा निविदाकार Trimurty Concern Pvt. Ltd. द्वारा अग्रधन की राशि BG के रुप में समर्पित की गयी है, जिसका संबंधित बैंक से निर्गत होने की संपुष्टि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल पूर्णियाँ द्वारा करा लिया गया है। निविदाकार Rainalco Constructions द्वारा अग्रधन की राशि प्राप्त नहीं है। निविदाकार Avednex Private Limited के अग्रधन की राशि, पुनर्निविदा हेतु भुगतान की जाने वाली अन्य राशि यथा Cost of BOQ एवं Bid Processing Fee के विरुद्ध भी WIP अंकित है।

(iii) निविदाकारों द्वारा पुनर्निविदा के साथ अपलोड किये गये कार्य अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल पूर्णियाँ द्वारा संबंधित कार्यालय से कराया गया है। एक निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा कार्य अनुभव संबंधी कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया है।

(iv) निविदाकार Rainalco Constructions द्वारा अग्रधन की राशि समर्पित नहीं की गयी है, जो NIT की कंडिका–14 एवं 15 में वांछित अहर्त्ता के अनुरुप नहीं है। साथ ही निविदाकार द्वारा Experience of Similar Nature of Work के तहत एक भी Road Work से संबंधित कार्य, जिसमें विषयगत योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो अपलोड नहीं किया गया है, जो विभागीय पत्रांक–6158(S), दिनांक– 09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित अहर्त्ता के अनुरुप नहीं है। उक्त निविदाकार का पथ निर्माण विभाग में पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज पुनर्निविदा के साथ संलग्न नहीं किया गया है, जो NIT की कंडिका–10 में वांछित अहर्त्ता के अनुरुप नहीं है। इस प्रकार निविदाकार Rainalco Constructions द्वारा पुनर्निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(v) निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा निविदा में अपलोडेड अनुभव प्रमाण पत्र में से कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जिसमें विषयगत योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो, जो विभागीय पत्रांक–6158(S), दिनांक– 09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित अहर्त्ता के अनुरुप नहीं है। इसके अतिरिक्त निविदाकार द्वारा विभागीय पत्रांक–7930(E), दिनांक 26.11.2025 के अनुरुप Existing Commitment हेतु Engineer(s)-in-charge के स्तर से निर्गत वांछित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड नहीं की गयी है। इस प्रकार निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा पुनर्निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(vi) निविदाकारों (i) Trimurty Concern Pvt. Ltd. एवं (ii) M/S Wincon द्वारा निविदा में अपलोडेड अनुभव प्रमाण पत्र में से कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जिसमें विषयगत योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो, जो विभागीय पत्रांक–6158(S), दिनांक– 09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित अहर्त्ता के अनुरुप नहीं है।

इस प्रकार (i) Trimurty Concern Pvt. Ltd. एवं (ii) M/S Wincon द्वारा पुनर्निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(vii) शेष एकमात्र निविदाकार Kumar Gaurav द्वारा F2 आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(viii) तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरांत वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नवत् निर्णय लिया जाता है :–

(1) चूँकि विषयगत कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एक भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरुप यह निविदा, पुनर्निविदा है एवं तकनीकी बीड के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बीड के मूल्यांकन हेतु एकमात्र निविदाकार शेष रह जाते हैं, अतः विभागीय ज्ञापांक–7806, दिनांक–30.09.2026 तथा विभागीय पत्रांक–3162 (एस), दिनांक–09.05.2016 के आलोक में विभागीय आदेश–141, दिनांक–28.10.2021 सह–पठित ज्ञापांक–5355(S), दिनांक 28.10.2021 के अनुसार तकनीकी बीड अपलोड होने के बाद निर्धारित दो दिनों की अवधि में इस निविदा में शामिल किसी भी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एक स्तर उपर के प्राधिकार अर्थात विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

(2) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय Website पर प्रदर्शित किया जाय।

सदस्य	सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष
कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल पूर्णियाँ	अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल पूर्णियाँ	सचिव (प्रावैधिक), सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना	मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांकः– सी०/निविदा–36–02–06/26 –1491 दिनांकः– 5/9/26

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– सी०/निविदा–36–02–06/26 –1491 दिनांकः– 5/9/26

प्रतिलिपिः– IT Manager, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।